# कार्यालय निदेशक (प्रशासन), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या–4डी(1)/मृ0आ0/क0स0/23/2023 लखनऊः दिनांकः 24/11/2023

## आदेश

स्व0 अरविन्द कुमार यादव, चीफ फार्मासिस्ट अधीन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, गाजीपुर की मृत्यु दिनांक–23.08.2019 को सेवाकाल में हो जाने के फलस्वरूप उनके आश्रित पुत्र श्री आदित्य यादव की नियुक्ति मृतक आश्रित के रूप में मृतक आश्रितों की भर्ती सेवा–नियमावली 1974 यथा संशोधित अधिनियम, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा अनुभाग–4 के पत्रावली सं0–5–4099/901/2022–4–।/368647/2023, दिनांक 14.08.2023 के कम में एवं कार्मिक अनुभाग–2 की अधिसूचना संख्या–6/12/73–का–2–2022/टी0सी0–VI(II) दिनांक 27.12.2022, द्वारा प्रख्यापित "उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रित की भर्ती (तेरहवां संशोधन) नियमावली 2022" में निहित प्राविधान के अन्तर्गत निदेशक (पैरामेडिकल), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के अग्रसारण पत्र संख्या–4डी(1)/42/विविध/चीफ फार्मा0/2023/1586 दिनांक 10.10.2023 के साथ प्राप्त नियंत्रक अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, गाजीपुर की संस्तुति पत्र संख्या–809 दिनांक 09.10.2023 द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों को दृष्टिगत रखते हुए अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजीपुर में रिक्त कनिष्ठ सहायक के पद पर वेतन बैण्ड रू0– 5200–20200 एवं ग्रेड वेतन रू0–2000/– (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल–3) में समय–समय पर जारी शासनादेशों में अनुमन्य महंगाई भत्ता व अन्य भत्तों सहित अस्थायी रूप में "उत्तर प्रदेश चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (अधीनस्थ कार्यालय) लिपिक वर्गीय सेवा नियमावली–1994" के अंतर्गत अधोलिखित शर्तों के अधीन नियुक्ति प्रदान की जाती है :–

1. यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई है और बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। यह नियुक्ति आदेश जारी होने के एक माह तक वैध होगा तत्पश्चात् स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
2. उक्त पद पर इन्हें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों में अनुमन्य महंगाई भत्ता व अन्य भत्ते देय होंगे।
3. यह नियुक्ति योगदान की तिथि से मान्य होगी तथा इस पद पर योगदान हेतु इन्हें कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. योगदान करते समय मूल अभिलेखों के साथ मुख्या चिकित्सा अधिकारी, गाजीपुर के समक्ष निम्नलिखित अभिलेख को प्रस्तुत करना होगा :–
   (क) हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट व अन्य शैक्षिक योग्यता के उत्तीर्ण अंक पत्र/प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां।
   (ख) अन्तिम शिक्षा जहां से प्राप्त की हो वहाँ के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र।
   (ग) दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र, जो आपको भली–भांति जानते हों किन्तु सम्बन्धी न हों।
   (घ) मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मीरजापुर द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्यता प्रमाण पत्र।
   (ड.) संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा का प्रमाण पत्र।
   (च) अविवाहित होने का प्रमाण पत्र, यदि विवाहित हो तो एक जीवित पत्नी का घोषणा पत्र।
5. यह नियुक्ति उ0प्र0 सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों की भर्ती (तेरहवां संशोधन) नियमावली–2022, कार्मिक अनुभाग–2 की अधिसूचना संख्या–6/12/79–का–2–2022/टी0सी0–VI(II) दिनांक 27.12.2022 में निहित शर्तों के अधीन कम्प्यूटर प्रचालन और टंकण अनिवार्य अर्हता के रूप में विहित की गयी है और मृत सरकारी सेवक का आश्रित कम्प्यूटर प्रचालन और टंकण में अपेक्षित प्रवीणता नहीं रखता है, तो उसे इस शर्त के अधीन रहते हुए नियुक्ति कर लिया जायेगा कि वह एक वर्ष के भीतर ही कम्प्यूटर प्रचालन में डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 सोसाइटी द्वारा प्रदत्त सी0सी0सी0 प्रमाण पत्र या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी प्रमाण पत्र के साथ–साथ हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट की अपेक्षित गति अर्जित कर लेगा, और यदि वह ऐसा करने में विफल रहता है तो उसकी सामान्य वार्षिक वेतन–वृद्धि रोक ली जायेगी, और कम्प्यूटर प्रचालन में अपेक्षित प्रमाण–पत्र और टंकण में अपेक्षित गति अर्जित करने के लिए उसे एक वर्ष की अग्रेत्तर अवधि प्रदान की जायेगी, और यदि बढ़ायी गई अवधि में भी वह कम्प्यूटर प्रचालन में अपेक्षित प्रमाण–पत्र और टंकण में अपेक्षित गति अर्जित करने में विफल रहता है, तो उसे चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्ति प्रदान करने का आदेश जारी किया जाएगा। इस प्रकार प्रदान की गई नियुक्ति प्रतिवर्तन न होकर नई नियुक्ति समझी जाएगी। यदि वह नियत समय के भीतर चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यभार ग्रहण नहीं करता है तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी जायेगी।
6. यह नियुक्ति इस प्रतिबन्ध के साथ दी जाती है कि श्री आदित्य यादव पुत्र स्व0 श्री अरविन्द कुमार यादव, चीफ फार्मासिस्ट अधीन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, गाजीपुर अपने परिवार के अन्य आश्रितों का भरण–पोषण एवं समुचित देखभाल करते रहेंगे। ऐसा न करने की दशा में इनकी सेवाएं समाप्त की जा सकती है।

7. मृतक कर्मचारी, पति–पत्नी दोनों केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार अथवा उनके अधीन निगम सेवाओं में कार्यरत नहीं है, कार्यरत् की दशा में यह सेवायोजन निष्प्रभावी माना जायेगा।

8. यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि मृतक के परिवार के किसी अन्य सदस्य को मृतक आश्रित का लाभ पूर्व में इस विभाग व अन्य विभाग में तो नहीं दिया गया है।

9. मृत्यु/उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र को मूल प्रमाण पत्रों से सत्यापन कर लिया जाये कि वे समक्ष अधिकारी द्वारा ही निर्गत किये गये हैं। साथ ही साथ वांछित/अनिवार्य शैक्षिक प्रमाण–पत्रों का सत्यापन/पुष्टि करा ली जाये।

10. कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार एक वर्ष के भीतर श्री आदित्य यादव पुत्र स्व0 श्री अरविन्द कुमार यादव, चीफ फार्मासिस्ट अधीन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, गाजीपुर की हिन्दी कम्प्यूटर टंकण की परीक्षा का आयोजन माह अक्टूबर 2024 के अंतिम सप्ताह में महानिदेशालय स्तर पर गठित समिति के समक्ष अनुदेशक/विषय विशेषज्ञ, राजकीय औद्योगिक संस्थान की देख–रेख में सम्पन्न किया जाना है। उक्त परीक्षा जनपद स्तर पर कदापि आयोजित नहीं की जायेगी, परीक्षा हेतु आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे, जिस हेतु नियंत्रक अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुए टंकण परीक्षा का तिथि सम्बन्धित कर्मचारी को अवगत करायी जायेगी।

11. स्थानीय पुलिस के माध्यम से सम्बंन्धित अभ्यर्थी का पुलिस सत्यापन करा लिया जाये।

12. यह नियुक्ति पत्र जनपद/मण्डल स्तर के सक्षम अधिकारी के प्रमाणित एवं अग्रसारित अभिलेखों के आधार पर जारी किया जा रहा है। यदि भविष्य में श्री आदित्य यादव द्वारा उपलब्ध कराये गए अभिलेख संदिग्ध/फर्जी/विचलन पाये जाते हैं तो उनके सेवायें स्वतः समाप्त हो जायेंगी, इसकी जिम्मेदारी अग्रसारण अधिकारी की होगी तथा असत्य प्रमाण पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में नियमानुसार श्री अंकित यादव के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

(डा0 राजागणपति आर0)
**आई0ए0एस0**
निदेशक (प्रशासन)

संख्या–4डी(1)/मृ0आ0/क0स0/23/2023 / 6260-72 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0 प्रयागराज।
2. विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन चिकित्सा अनुभाग–4
3. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ0प्र0।
4. निदेशक (पैरामेडिकल), स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
5. निदेशक (चिकित्सा उपचार), स्वास्थ्य भवन, लखनऊ को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड हेतु ।
6. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
7. संयुक्त निदेशक(मुख्यालय परिधिगत), स्वास्थ्य भवन, लखनऊ को निर्देशित किया जाता है कि उक्त तिथि में नियमानुसार परीक्षा का आयोजन अवश्य कराना सुनिश्चित करें।
8. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, गाजीपुर।
9. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजीपुर को उपरोक्त निर्दिष्ट निर्देशानुसार योगदान कराना सुनिश्चित करें।
10. मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी गाजीपुर।
11. श्री आदित्य यादव पुत्र स्व0 श्री अरविन्द कुमार यादव, ग्राम–बरूहा, पो0–सराय गनेश, तहसील–घोसी, जनपद–मऊ को इस आशय से प्रेषित कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजीपुर से संपर्क स्थापित कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने के उपरान्त अपना प्रथम योगदान देना सुनिश्चित करें।
12. पुलिस अधीक्षक/पुलिस कमिश्नरेट, मऊ को इस आशय से प्रेषित कि श्री आदित्य यादव पुत्र स्व0 श्री अरविन्द कुमार यादव, ग्राम–बरूहा, पो0–सराय गनेश, तहसील–घोसी, जनपद–मऊ का पुलिस सत्यापन कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
13. गार्ड फाइल।

24-11-2023

अपर निदेशक
(मुख्यालय परिधिगत)